# न्यायालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट,नागौर

## पीठासीन अधिकारी–पीयुष समारिया, आई.ए.एस.

**प्रार्थना पत्र प्रकरण संख्या– 113/2023**
**जी.सी.एम.एस. पोर्टल नम्बर– 2023/129**

| प्रार्थी | | अप्रार्थीगण |
|---|---|---|
| असेट री–कन्स्ट्रेक्शन कम्पनी (इण्डिया) लिमिटेड एक पंजीकृत कम्पनी (पंजीकृत अन्तर्गत कम्पनीज एक्ट, 1956) पंजीकृत कार्यालय– दॉ रूबी, दसवी मंजिल, 29 सेनापति बापत मार्ग, दादर, (वेस्ट), मुम्बई–400028 तथा शाखा कार्यालय– यूनिट/ ऑफिस नम्बर 1008, 11 वी मंजिल, वेस्टएंड मॉल, जनकपुरी डिस्ट्रीक सेन्टर, जनकपुरी वेस्ट नई दिल्ली 110058 जरिये प्राधिकृत अधिकारी श्री विरेन्द्र यादव। | **बनाम** | 1. अय्युब पुत्र हाजी कालू गैसावत,<br>(क)–वार्ड नं. 130, पट्टा नं. 69, गुन्दा बाडा, ईदगाह मस्जिद रोड, मकराना, नागौर, राजस्थान 341505<br>(ख)–मैसर्स फाइन आर्ट मार्बल इन्टप्राईजेज, बाईपास रोड़, राठौड संगेमर प्राइवेट लिमिटेड, मकराना, नागौर, राजस्थान 341505<br>2. श्रीमति शबाना पत्नि अय्युब,<br>(क)–वार्ड नं. 130, पट्टा नं. 69, गुन्दा बाडा, ईदगाह मस्जिद रोड, मकराना, नागौर, राजस्थान 341505 |

**आदेश** **दिनांकः** 12/07/2023

प्रार्थी की ओर से यह प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 14 वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत पेश हुआ, जो दर्ज रजिस्टर किया गया।

वकील प्रार्थी को सुना गया। वकील प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों में यह कथन किया है कि प्रार्थी बैक ने अप्रार्थी/ ऋणी को **रूपये 5,46,476/–(अक्षरे पांच लाख छियालीस हजार चार सौ छिहेत्तर रूपये मात्र)** एवं रूपये **5,90,000/–(अक्षरे पांच लाख नब्बे हजार रूपये मात्र) कुल 11,36,476/–(अक्षरे ग्यारह लाख छत्तीस हजार चार सौ छिहेतर रूपये मात्र) दिनांक 28.03.2015** को ऋण उपलब्ध करवाया गया। अप्रार्थीगण/ऋणी द्वारा उक्त प्राप्त ऋण की सुविधा के एवज में **सम्पति– अचल सम्पत्ति वार्ड नं. 30, पट्टा नं. 69, गुन्दा बाडा, ईदगाह मस्जिद रोड, नगर पालिका मंडल, मकराना, नागौर, राजस्थान स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 196.68 वर्गगज (1770.125 वर्ग फीट) है, जो श्री अय्युब पुत्र श्री हाजी कालू के नाम से है। पड़ौस– पूर्व–खुदा बक्श का मकान, पश्चिम–नाबी बक्श का मकान, उत्तर–16फीट 9 ईंच चौडी रोड, दक्षिण–मोहम्मद अली गैसावत का मकान है,** जो प्रार्थी बैक के पास ऋण अदायगी हेतु ऋणी एंव जमानतदार ने आवश्यक दस्तावेज निष्पादित किये।

अप्रार्थीगण/ऋणी ने उपलब्ध ऋण का बैक के नियमानुसार भुगतान नही चुकाया। जिसकी वजह से उक्त खाते को **दिनांक 23.03.2021 को** एन.पी.ए. घोषित कर दिया गया व अप्रार्थी/ऋणी के ऋण खाते में **रूपये 11,07,319.83/–(अक्षरे रूपये ग्यारह लाख सात हजार तीन सौ उन्नीस एंव पैसे तिरासी मात्र) दिनांक 23.11.2022 तक व आगे का ब्याज व खर्चे आदि सहित राशि** बकाया निकलते हैं।

न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट नागौर (राज.)

जिला मजिस्ट्रेट
नागौर

उक्त ऋण खाते में ऋणी द्वारा नियमानुसार भुगतान नहीं करने पर एन.पी.ए. घोषित होने के बाद एक्ट की धारा 13 (2) के अन्तर्गत प्रार्थी बैक ने ऋणी/अप्रार्थी को दिनांक **25.11.2022** को रजिस्टर्ड दिये गये एंव उक्त नोटिस का अखबार प्रकाशन भी करवाया गया परन्तु इसके पश्चात भी अप्रार्थीगण द्वारा ऋण राशि जमा नहीं करवायी गई व न बंधक शुदा सम्पति सम्पूर्ण कब्जा प्रार्थी बैक को दिया गया। ऋणी को उपरोक्त नोटिस के अनुसार 60 दिन के अन्दर–अन्दर ऋण राशि **रूपये 11,07,319.83/–(अक्षरे रूपये ग्यारह लाख सात हजार तीन सौ उन्नीस एंव पैसे तिरासी मात्र) दिनांक 23.11.2022 तक व आगे का ब्याज व खर्चे आदि सहित राशि** को जमा कराना था परन्तु ऋणी/अप्रार्थीगण ने उपरोक्त नोटिस के अनुसार ऋण राशि जमा नहीं करवाई, के कारण एक्ट की धारा 13 (4) के अन्तर्गत कार्यवाही करना आवश्यक हो गया है।

एक्ट की धारा 14 (1) के अन्तर्गत प्रार्थी बैक को बंधक सम्पति का ऋणी एवं जमानतियों से कब्जा लेने में सहायता आवश्यकता है, के कारण प्रार्थी बैक ने जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष बैक सिक्योरिटीज एवं सिक्योरिटीज से संबंधित डोक्यूमेन्ट का ऋणी/जमानती से कब्जा लेकर प्रार्थी बैक को कब्जा दिलवाने के लिये प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है।

बैक सिक्योरिटीज सम्पति का विवरण :– **अचल सम्पत्ति वार्ड नं. 30, पट्टा नं. 69, गुन्दा बाडा, ईदगाह मस्जिद रोड, नगर पालिका मंडल, मकराना, नागौर, राजस्थान स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 196.68 वर्गगज (1770.125 वर्ग फीट) है, जो श्री अय्युब पुत्र श्री हाजी कालू के नाम से है। पड़ौस– पूर्व–खुदा बक्श का मकान, पश्चिम–नाबी बक्श का मकान, उत्तर–16फीट 9 ईंच चौडी रोड, दक्षिण–मोहम्मद अली गैसावत का मकान है,** जो प्रार्थी बैक के पास हाईपोथीकेटेड है, का कब्जा लेना है।

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र को स्वीकार कर प्रार्थना पत्र में वर्णित सम्पत्ति का कब्जा संबंधित डौक्यूमेन्टस का कब्जा एक्ट की धारा 14 के अनुसार ऋणी/अप्रार्थीगण से प्रार्थी बैक को कब्जा दिलाने का आदेश जारी करने हेतु निवेदन किया है।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट है कि ऋणी/अप्रार्थीगण ने प्रार्थी बैक से रूपये **5,46,476/–(अक्षरे पांच लाख छियालीस हजार चार सौ छिहेत्तर रूपये मात्र)** एवं रूपये **5,90,000/–(अक्षरे पांच लाख नब्बे हजार रूपये मात्र) कुल 11,36,476/–(अक्षरे ग्यारह लाख छत्तीस हजार चार सौ छिहेतर रूपये मात्र) दिनांक 28.03.2015** का ऋण प्राप्त किया था। उक्त ऋण के बदले में इकरारनामा व उससे संबंधित दस्तावेज तैयार कर अपने हस्ताक्षर से प्रार्थी बैक के पक्ष में निष्पादित किये थे। प्रार्थी बैक द्वारा नियमानुसार ऋण वसूली के लिये आडिनेन्स की धारा 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस जारी करना पाया जाता है।

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 में उपरोक्तानुसार रहन की गयी सम्पत्ति को प्रार्थी के कब्जे में दिलाये जाने का स्पष्ट प्रावधान है। जो इस प्रकार है:– प्रतिभूति आस्थी का कब्जा लेने में प्रतिभूति लेनदार की सहायता करने के लिये मुख्य महानगरीय मजिस्ट्रेट या जिला मजिस्ट्रेट जहां किसी प्रतिभूति आस्तियों का कब्जा प्रतिभूत लेनदार द्वारा लिये जाने की आवश्यकता हो, या यदि किन्ही प्रतिभूत आस्तियों का विकय या अन्तरण प्रतिभूत लेनदार द्वारा इस अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत किये जाने की आवश्यकता हो, तो प्रतिभूत लेनदार किसी प्रतिभूत आस्ति के कब्जे या नियंत्रण को लेने के प्रयोजन के लिये, लिखित में मुख्य महानगरीय मजिस्ट्रेट या जिला मजिस्ट्रेट को उनकी अधिकारिता के भीतर अनुरोध करेगा, ऐसी कोई प्रतिभूत आस्ति या उससे संबंधित अन्य दस्तावेज स्थित हो सकेगा या पाया जा सकेगा,उसका कब्जा लेने के लिये अनुरोध करेगा,और मुख्य महानगरीय मजिस्ट्रेट या जिला



न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट नागौर (राज.)

जिला मजिस्ट्रेट
नागौर

मजिस्ट्रेट जो स्थित हो, उसको किये गये उस अनुरोध पर –(क)उस आस्ति और उससे संबंधित दस्तावेजों का कब्जा लेगा, और (ख) प्रतिभूत लेनदार को उन आस्तियों और दस्तावेजों को भेजेगा।

धारा 14 (2) उप धारा (1) के प्रावधानों के साथ अनुपालना को सुनिश्चित करने के प्रयोजन के लिये, मुख्य महानगरीय मजिस्ट्रेट या जिला मजिस्ट्रेट उन कदमो को लेगा या लिवा सकेगा या ऐसा बल प्रयुक्त कर सकेगा जो उसकी राय मे आवश्यक हो सकेगा।

उपरोक्त प्रावधानो को दृष्टीगत रखते हुए इस संबंध मे पुलिस इमदाद उपलब्ध कराने हेतु आदेश पारित किया जाना हम उचित समझते हैं । अतः प्रार्थी का यह प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। पुलिस अधीक्षक नागौर को निर्देश दिये जाते है कि अप्रार्थी/ऋणी द्वारा प्रार्थी बैंक के पक्ष मे बतौर प्रतिभूति अपने स्वामित्व मे **सम्पति– अचल सम्पत्ति वार्ड नं. 30, पट्टा नं. 69, गुन्दा बाडा, ईदगाह मस्जिद रोड, नगर पालिका मंडल, मकराना, नागौर, राजस्थान स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 196.68 वर्गगज (1770.125 वर्ग फीट) है, जो श्री अय्युब पुत्र श्री हाजी कालू के नाम से है। पड़ौस– पूर्व–खुदा बक्श का मकान, पश्चिम–नाबी बक्श का मकान, उत्तर–16फीट 9 ईंच चौडी रोड, दक्षिण–मोहम्मद अली गैसावत का मकान है,** जो प्रार्थी बैक के पास हाईपोथीकेटेड है, को प्रार्थी बैक के हक मे बंधक किया था तथा बंधक विलेख निष्पादित किया था, के संबंध मे संबधित थानाधिकारी, पुलिस थाना को निर्देशित करे कि वे उक्त संपति का कब्जा व उससे संबंधित अन्य कोई दस्तावेज अप्रार्थी के कब्जे मे हो तो उन दस्तावेजो को प्रार्थी को संभलाने हेतु मौके पर जाकर विधि सम्मत कार्यवाही करें।

आदेश सुनाया गया।

न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट नागौर (राज.)

(पीयुष समारिया)
जिला कलक्टर एंव मजिस्ट्रेट
नागौर
जिला मजिस्ट्रेट
नागौर